Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ




सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में सोमवार
सायं 5:53 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सुबह 6:13 बजे




हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 106 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | सोमवार, 14 अक्टूबर 2024



शहंशाह के नाम पर जैकी श्रॉफ को ..पेज-3 पर


## News कॉर्नर

### किशोरी से गैंगरेप का आरोप, मुकदमा दर्ज

**हल्द्वानी।** शहर में किशोरी से गैंगरेप का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि दो युवक उसे आम के बाग में ले गए और गैंगरेप किया। इसके बाद वह फरार हो गए। किशोरी की मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुखानी थाना पुलिस को सौंपी तहरीर में किशोरी की मां ने कहा है कि सात अक्तूबर को पनियाली क्षेत्र में एक जागरण चल रहा था। मुखानी थाना क्षेत्र की 15 वर्षीय नाबालिग किशोरी भी यही गई थी। रात करीब 11:30 बजे जब वह वापस लौट रही थी। तभी दो युवकों ने उसे बाग में खींच लिया। इसके बाद उसका मुंह बंद कर उसके साथ बारी-बारी से गैंग रेप किया। इसके बाद दोनों युवक नाबालिग को बाग में छोड़कर फरार हो गए। उधर किसी तरह नाबालिग घर पहुंची। इसके बाद उसने परिवार वालों को बताया कि उसके पड़ोस में रहने वाले अशीष (23) और हिमांशु (24) ने उसके साथ रेप किया। इसके बाद किशोरी की मां ने 11 अक्तूबर को पुलिस को तहरीर सौंपी। मुखानी थानाध्यक्ष विजय मेहता ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ पॉक्सो में मुकदमा दर्ज कर लिया है। किशोरी का मेडिकल कराया गया है। इसमें दुष्कर्म की पुष्टि हुई है। एक आरोपी हिमांशु को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दूसरे को पकड़ने के लिए पुलिस दबिश दे रही है। पुलिस का कहना है कि उसे भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### कन्या पूजन को निकली किशोरी लापता

**हल्द्वानी।** कन्या पूजन में जाने की बात कहकर घर से निकली किशोरी लापता हो गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस में दर्ज गुमशुदगी में जंगपाल पुत्र रामनाथ हाल निवासी नारायण कालोनी छड़ायल नयाबाद ने कहा है कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री मीना 11 अक्टूबर की शाम घर से कन्या पूजन में जाने की बात कहकर निकली, लेकिन घर नहीं लौटी। उसकी रिश्तेदारी के अलावा संभावित स्थानों में तलाश की गई। लेकिन कुछ सुराग नहीं लगा। उसने पुलिस से पुत्री की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी है।

## प्रयाग महाकुंभ में गैर हिंदुओं का प्रवेश नहीं होने देगा अखाड़ा परिषद

हरिद्वार

हमारे संवाददाता

परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़े के श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि कहीं थूक कर, कहीं मूत्र कर सनातन संस्कृति को भ्रष्ट करने की चेष्टा की जा रही है। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने प्रयाग कुंभ में गैर हिंदूओं के प्रवेश को वर्जित करने का निर्णय किया है। परिषद के अध्यक्ष व निरंजनी अखाड़े के श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि कहीं थूक कर, कहीं मूत्र कर सनातन संस्कृति को भ्रष्ट करने की चेष्टा की जा रही है। कुंभ से पहले ही उत्तर प्रदेश की सरकार को यह तय करना होगा कि कौन जूस बेचेगा और कौन खाना खिलाएगा। यदि कुंभ में भी इस तरह का कृत्य सामने आया तो सनातनी चुप नहीं बैठेंगे और ऐसे लोगों को नागा संन्यासी दंडित करेंगे।



**हुंकार**

- जूना अखाड़े की ओर से निकाली गई छड़ी यात्रा

श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की ओर से निकाली गई छड़ी यात्रा को पूजन के बाद हरकी पैड़ी से रवाना करने के बाद श्रीमहंत रविंद्रपुरी महाराज ने कहा कि हाल ही में कई जगहों से फोटो और वीडियो सामने आए है कि गैर हिंदू किस तरह से जिहाद चला रहे हैं। मसूरी और अन्य जगहों के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि यदि इस तरह का कृत्य किया जा रहा है और मुस्लिम समुदाय के मौलाना चुप्पी साधे हुए हैं, तो यह बेहद चिंतनीय है। हमारे यहां मंदिरों में भी ईश्वर अल्लाह तेरों नाम का भजन सुबह-शाम सुनाया जाता है।

जबकि किसी मसजिद से सामाजिक सौहार्द की ऐसी भजन कभी सुनाई नहीं देती है। उन्होंने कहा कि इसके बावजूद अगर कोई हरकत करता है तो उसे नागा संन्यासी देखेंगे। वह सबक सिखाने के साथ ही दंड देने के भी अधिकारी होते हैं।

युवक की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ

## दुर्गा प्रतिमा विसर्जन पर बहराइच में बवाल पथराव-आगजनी व लाठीचार्ज

नई दिल्ली

एजेंसी

उत्तर प्रदेश में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान रविवार को कई जिलों में बवाल हुआ। गोंडा, बलरामपुर के बाद बहराइच जिला पथराव और आगजनी से सुलग उठा। युवक की हत्या के बाद जमकर बवाल हुआ। देर रात तक प्रदर्शन और जगह-जगह आगजनी होती रही। इस बीच पुलिस और प्रशासन बैकफुट पर नजर आया। गायघाट पर भी रविवार देर रात पूजा समितियों ने प्रतिमाओं का विसर्जन रोक दिया। डीएम-एसपी पर कार्रवाई की मांग को लेकर प्रदर्शन भी किया। स्टीलगंज तालाब मार्केट के पास गाड़ी में आग लगा दी।

अस्पताल चौराहे पर लगे बैनर गिराकर आग के हवाले कर दिया। आग बुझाने पहुंची दमकल की टीम पर भी पथराव किया गया। किसी तरह दमकल कर्मी वहां से भागे। पुलिस ने लाठी भांजकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ दिया। गुस्साए लोगों ने देर रात करीब 11:30 बजे नानपारा-लखीमपुर हाईवे भी जाम कर दिया। इस बीच डीएम-एसपी के खिलाफ नारेबाजी के बीच सीएम योगी जिंदाबाद के नारे भी लगे। बहराइच में महसी तहसील के महराजगंज कस्बे में गाने को लेकर हुए विवाद के बाद दूसरे समुदाय के युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे दुर्गा प्रतिमा खंडित होने पर पूजा समिति के सदस्यों ने प्रदर्शन शुरू कर दिया तो दूसरे समुदाय के लोग रामगोपाल मिश्रा (24) को घर के अंदर घसीट ले गए और गोली मार दी। उसे बचाने पहुंचे राजन (28) भी गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना का पूरे जिले में विरोध शुरू हो गया। विसर्जन कमेटी के लोगों ने बहराइच-सीतापुर हाईवे पर चहलारी घाट पुल के पास जाम लगा प्रदर्शन शुरू कर दिया। बहराइच-लखनऊ हाईवे भी जाम कर दिया गया। शहर में सैकड़ों जगह प्रतिमा विसर्जन रोक दिया गया। मामला बढ़ता देख छह थानों की पुलिस व पीएसी तैनात कर दी गई। वहीं, गोंडा और बलरामपुर में स्थिति नियंत्रण में है।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, रविवार शाम महसी तहसील की प्रतिमा को विसर्जन के लिए ले जाया जा रहा था।



पुलिस ने लाठी भांजकर प्रदर्शनकारियों को खदेड़ा

महराजगंज कस्बे में पहुंचने पर कस्बा निवासी सोनार अब्दुल हमीद बेटे सबलू, सरफराज व फहीम के साथ मौके पर पहुंचे और गाली गलौज शुरू कर दी। प्रतिमा के साथ चल रहे लोगों ने इसका विरोध किया तो छतों से पथराव शुरू कर दिया गया। इस पर समिति के सदस्य प्रदर्शन करने लगे तो हमीद व उनके साथ मौजूद हजारों की भीड़ मौके पर पहुंची और उपद्रव शुरू कर दिया।

## हल्द्वानी में चरस मामले में पुलिस की निष्क्रियता पर उठे सवाल

उत्तरांचल दीप

सलीम ख़ान, हल्द्वानी

कुल्याल पूरा नवाबी रोड स्थित एक किराना दुकान में चरस रखने का मामला अब पुलिस के लिए चुनौती बन गया है। इस घटना का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो चुका है, जिसमें महिला चरस रखती और पुलिस मौके पर चरस तौलती दिख रही है। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि आरोपी महिला को पकड़ने के बावजूद पुलिस अभी तक चरस की बरामदगी नहीं कर पाई है।

यह मामला 28 जून का है, जब कुल्यालपुरा गली नंबर तीन की निवासी पूनम देवी की दुकान में एक महिला सामान खरीदने के बहाने घुसी और एक थैला छोड़कर चली गई। महिला के बाहर निकलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन उन्होंने पूनम के पति पर आरोप लगा दिया। पूनम ने डायल 112 पर सूचना दी, लेकिन पुलिस ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही कोई ठोस कार्रवाई की। जब पूनम ने मामले को लेकर उच्च अधिकारियों से शिकायत की, तो 23 अगस्त को मुकदमा दर्ज किया गया, लेकिन इसमें एनडीपीएस की धारा नहीं जोड़ी गई।

पूनम का कहना है कि उनके पास सीसीटीवी फुटेज मौजूद है, जिसमें सब कुछ स्पष्ट है, लेकिन चरस का गायब होना सवाल उठाता है। अब यह देखना है कि पुलिस इस मामले में आगे क्या कार्रवाई करती है।

*मामले की जांच की जा रही है यदि अगर किसी भी पुलिस कर्मी की भूमिका संदिग्धपाई जाती है। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।- **प्रकाशचंद्र अपर पुलिस अधीक्षक हल्द्वानी।***

### लोगों ने पकड़ी आरोपी महिला

पुलिस की निष्क्रियता के चलते, पूनम ने खुद आरोपी महिला की तलाश शुरू की और 5 अक्टूबर की रात जजफार्म से उसे पकड़ लिया। हालांकि, महिला को नारी निकेतन भेजने के बाद वह वहां से छूट गई और चरस की बरामदगी का कोई पता नहीं चला।

### पीड़ित पक्ष का संघर्ष

इस मामले में पूनम ने अन्य लोगों के साथ मिलकर सीओ नितिन लोहनी से मुलाकात की। उन्होंने आश्वासन दिया कि मामले की जांच की जाएगी। इस बीच, जब लोग महिला को पकड़ने में सफल हुए, तो उनका एक वीडियो भी वायरल हो गया, जिसमें महिला चरस रखने का जुर्म स्वीकार कर रही है।

## यूपी निवासी युवक का शव बंद कमरे में फंदे पर लटका मिला

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र अरविन्द नगर सिडकुल की किसी कंपनी कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी पर लटका होने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण शव कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दी है। पुलिस के मुताबिक विशाल वर्मा पुत्र सुनील वर्मा मूल निवासी वृंदावन मथुरा, हाल में अरविंद नगर में किरायेदार के रूप में रहकर सिडकुल की किसी कंपनी में काम करता था। विशाल वर्मा पिछले दो दिन से कमरे से बाहर नहीं निकला था और रविवार को किसी व्यक्ति ने उसके कमरे की तरफ ध्यान दिया तो कई दिन से कमरा बंद था। कमरे में झांकने से पता चला कि विशाल वर्मा फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। जिसकी सूचना थाना कैंप पुलिस को दी गई।

मौके पर प्रभारी निरीक्षक मोहन चंद्र पांडे ने जानकारी लेने के बाद कमरे का दरवाजा खोला। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। इंस्पेक्टर ने बताया कि पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। मृतक के परिजनों को भी सूचना दी गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस उसके दोस्तों से भी जानकारी जुटा रही है। मृतक के परिजन नहीं पहुंचे हैं। पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता चलेगा।

## सिंघमगिरी दिखाइए, दम है तो साजिशकर्ताओं का एनकाउंटर करिए: राउत

मुंबई

एजेंसी

बाबा सिद्दीकी की हत्या पर संजय राउत ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और अजित पवार वाली एनसीपी के दिग्गज नेता बाबा सिद्दीकी की शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। अब इस मामले में जहां विपक्ष कानून व्यवस्था पर सवाल उठा रहा है। वहीं राज्य सरकार आरोपियों को कड़ी सजा देने की बात कर रही है। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने केंद्र सरकार पर हमला बोला। वहीं, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि सरकार सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।



संजय राउत ने कहा, %मैंने पहले भी कहा था कि इस सरकार के बाद मुंबई में गैंगवार और अंडरवर्ल्ड की ताकत बढ़ सकती है। इस सरकार को अंडरवर्ल्ड का भी समर्थन हासिल है। अंडरवर्ल्ड गुजरात से चलाया जा रहा है। आज गुजरात में 5,000 करोड़ रुपये का ड्रग्स जब्त किया गया है। इसका मतलब है कि देश में 50,000 करोड़ रुपये का ड्रग्स पहले ही बांटा जा चुका है। अब इसका पैसा कहां किस पार्टी को जा रहा है इसे जनता को बताने की जरूरत नहीं है। उन्होंने आगे बोला, गुजरात की साबरमती जेल में बंद एक गैंगस्टर बाबा सिद्दीकी की हत्या की जिम्मेदारी लेता है। सिद्दीकी कोई आम नेता नहीं हैं। ऐसे शख्स की पुलिस सुरक्षा में हत्या हो गई। इसकी जिम्मेदारी कौन ले रहा है, जो एटीएस गुजरात की हिरासत में गैंगस्टर है वो। यह कितनी गंभीर बात है। केंद्रीय गृह मंत्री के लिए एक चुनौती है जो गुजरात से हैं। अजित पवार को अमित शाह के इस्तीफे की मांग करनी चाहिए।

राउत ने कहा कि उन्होंने (सीएम शिंदे) अक्षय शिंदे (बदलापुर यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी) को गोली मारने के बाद खुद को सिंघम घोषित कर दिया। अब इस %सिंघमगिरी% को यहां दिखाएं। हिम्मत है तो बाबा सिद्दीकी मर्डर केस के साजिशकर्ताओं का एनकाउंटर करिए।

वहीं, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के बाद राज्य की कानून व्यवस्था पर उठ रहे सवालों पर कहा कि सरकार सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि ऐसे अपराधों के लिए जिम्मेदार आरोपियों को जवाबदेह ठहराया जाए और उन्हें बख्शा नहीं जाए।

# प्रदेश में नहीं चलेगा थूक जिहाद : धामी

**किच्छा**
हमारे संवाददाता

रविवार को किच्छा के इंदिरा गांधी खेल मैदान में आयोजित नागरिक अभिनंदन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पहुंचे। इस समारोह में मुख्यमंत्री जोरदार नागरिक अभिनंदन हुआ। सीएम का नागरिक अभिनंदन औद्योगिक स्मार्ट सिटी एवं सैटेलाइट एम्स की सौगात देने पर हुआ। यह कार्यक्रम पूर्व विधायक राजेश शुक्ला की ओर से किया गया। नागरिक अभिनंदन समारोह वाले दिन ही पूर्व शुक्ला का जन्म दिन था। वहीं, विगत दिनों पूर्व पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात के बाद उनकी मांग पर किच्छा के खुरपिया में औद्योगिक स्मार्ट सिटी को स्वीकृति मिली। जिसका लाभ हमारे बच्चों को मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने विभिन्न योजनाओं के बारे में बताते हुये प्रदेश व राष्ट्र विरोधी लोगों पर भी तंज कसा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कुछ लोग माहौल खराब करने की कोशिश में रहते हैं लेकिन हमने उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई कर उनको शांत करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि थूक जिहाद करने वाले लोगों को पनपने नहीं देगी।



**2025 तक एम्स के संचालन की संभावना:** इन्दिरा गांधी खेल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने किच्छा को जनता की ओर से मुख्यमंत्री धामी को स्मृति चिन्ह व फूलों की बड़ी माला से स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने कहा कि सैटेलाइट एम्स का काम युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। सम्बंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य कार्य जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश है। एम्स का संचालन 2024 तक शुरू कर दिया जाएगा। वहीं, लैंड माफियाओं पर कड़ी कार्रवाई भी की जा रही है। उन्होंने यूसीसी पर कहा कि यह हम पक्षपात नहीं समानता के लिए लागू करने जा रहे हैं। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने मंच से किच्छा के विकास के लिये विभिन्न मांगों को सीएम धामी के सामने रखा। उन्होंने किच्छा में पंतनगर में बाबा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा स्थापित करने, विभाजन विभीषिका सैनानियों के लिये स्तंभ बनाने, धौराडाम के लोगों को मालिकाना हक देने, तराई स्टेट फार्म में 40 फुट चौड़ी पट्टी पर बसे लोगों को पट्टे देने, बंडिया में बह गये पुल के निर्माण, वेंडिंग जोन बनाने, दरऊ में अम्बेडकर पार्क बनाने, अटरिया रोड पर शेष रह गये सड़क के निर्माण की मांग को रखा।

### शुक्ला के जन्मदिन को सीएम ने अपनी उपस्थिति से बनाया यादगार

तराई में सीएम पुष्कर सिंह धामी और राजेश शुक्ला की दोस्ती की चर्चा खूब रहती है। स्वयं धामी भी इस दोस्ती को निभाने में पीछे नहीं रहते। इस बार भी उन्होंने शुक्ला के जन्मदिन पर उनके बुलावे को ना सिर्फ स्वीकार किया बल्कि किच्छा पहुंचकर राजेश की मांगों को पूरा करने का ऐलान भी किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी ने मंच पर ही राजेश का जन्मदिन मनाया और शुक्ला के विशेष दिन को यादगार बना दिया।



## शिदेश्वर मन्दिर पूजा अर्चना व भव्य भंडारे का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी के शिदेश्वर मन्दिर, हर्स निवास में शारदीय नवरात्र एवं विजयदशमी के शुभ अवसर पर बीते रोज शनिवार को शेरवानी हिलटॉप होटल के द्वारा पूजा अर्चना और भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। मुख्य पुजारी महेश भट्ट द्वारा विधि विधान से मंतोच्चारण कर पूजा अर्चना कराई गईद्य तत्पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 500 से 600 सो भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कियाद्य इस दौरान क्षेत्र में भक्ति मय माहौल रहाद्य शेरवानी लैपटॉप के प्रबंधक सिद्धार्थ शर्मा और डीसी पालीवाल ने बताया शेरवानी हिलटॉप द्वारा धार्मिक अनुष्ठान कराए जाएंगे। उन्होंने सभी शहर प्रदेश और देशवासियों को नवरात्र और विजयदशमी की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्थान के अन्य कर्मचारियों और क्षेत्र के लोगों ने भव्य भंडारे और प्रसाद वितरण में मनोज,बलवंत, अंशुल, दीप, संजय सुयाल, दिनेश मेहता, मिस्टर त्रिपाठी, मिस्टर जोशी, सहित अन्य कर्मचारियों और क्षेत्र के लोगों ने अपना सहयोग किया गया।

## कैलाश यात्रा दर्शन के पांचवें दल के यात्रियों का केएमवीएन में स्वागत

**पिथौरागढ़/नैनीताल**
हमारे संवाददाता

पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में रविवार को माउंट कैलाश यात्रा दर्शन में जा रहे पांचवें दल के यात्रियों का कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में निगम कर्मचारियों ने स्वागत किया। दिनेश गुरुरानी ने बताया कि चार यात्रियों का यह दल सोमवार (आज) प्रात: नैनी सैनी से गूंजी को रवाना होगा। उन्होंने कहा कि माउंट कैलाश के दर्शन कर चतुर्थ दल के यात्री मंगलवार (आज) वापस पिथौरागढ़ हेली से आएंगे। यात्रियों का स्वागत करने वालों में वेद प्रकाश, पदम सिंह, सौरभ खोलिया ,गोपाल बिष्ट, महेश कुमार, राजेंद्र सिंह, शेर सिंह, दीपक, हर सिह तथा नरेंद्र थापा शामिल रहे। बता दें कि यात्रियों में दिल्ली से दो यात्री तेलंगाना से जबकि एक- एक यात्री उत्तराखंड से है।



**नोट**
समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

नगर की नई दिशाएं समिति के तत्वावधान में हिमालय क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण व संवर्धन के लिए नैनीताल के रामलीला मैदान में तीस दिनी विशेष प्रशिक्षण के बाद एक दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

जिसमें देवभूमि कुमाऊं की पारंपरिक लोक गीतों व लोक नृत्यों का समावेश शामिल रहा। इससे पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर की प्रतिष्ठित श्री राम सेवक सभा के अध्यक्ष मनोज साह तथा विशिष्ट अतिथि सभा के महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी तथा प्रबंधक विमल चौधरी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। बता दें कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार नागालैंड के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में झोड़ा, छपेली, न्यौली, रितुरैण तथा लोक गीतों का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर अतिथियों ने नई दिशाएं समिति परिवार की ओर से किए गए सभी कार्यक्रमों की



भूरि-भूरि सराहना की तथा कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों के आयोजन से समाज की युवा पीढ़ी को अपनी लोक संस्कृति को नजदीक से देखने का मौका मिलता है। इससे पूर्व नई दिशाएं समिति के सचिव किशन लाल ने सभी अतिथियों का स्वागत कर कार्यक्र म के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम की शुरुआत वंदना नंदा मैया तेरी जय-जयकार से की गयी,उसके बाद अजय कुमार ने कुमाऊंनी गीत,झोड़ा छपेली नृत्य,अजय ने ही कुमाऊंनी गीत आज कु छै मैता जा--,सामूहिक कुमाऊँनी नृत्य, ललित मोहन की ओर से कुमाऊंनी गीत,नंदा राज जात यात्रा के साथ ही कन प्यौरा चौमासा डांडुय समेत कई कुमाऊंनी व गढ़वाली गीत प्रस्तुत किए गए। संचालन उमेश कांडपाल ने किया। इस दौरान कार्यक्रम का निर्देशन भगवती टम्टा ने किया जबकि सह निर्देशक तान्या मेहरा व नीरज डालाकोटी,नृत्य निर्देशक रिया टम्टा व किशन लाल समेत अन्य कलाकारों में अजय कुमार, धीरज कुमार, भुवन, नवीन बेगाना, ललित मोहन, कविता जोशी,रश्मि रावत, शीतल, महिपाल,जीवन,रुपा रावत, दीपा, नंदिता, तन्नू, प्रत्यूष तथा कान्ता पाल आदि शामिल रहे। अंत में समिति के सचिव किशन लाल ने सभी का आभार जताया।

## NEWS / फटाफट

### भारत की पहली महिला ने माउंट चोआयु को आरोहण किया



**नैनीताल।** भारत की पहली महिला जिसने माउंट चोआयु को सफलतापूर्वक आरोहण कर इतिहास में एक बार फिर अपना नाम दर्ज किया। एक बार फिर तेनजिंग नोर्गे राष्ट्रीय साहस पुरस्कार विजेता शीतल ने इतिहास बनाया माउंट चोओयू पर आरोहण करने वाली पहली भारतीय महिला है। हंस फाउंडेशन ने शमेसा की तरह इश बार भी शीतल की उड़ान के लिए पंख लगाए। 5 सितम्बर से शीतल अभियान शुरू हुआ काठमांडू पहुंचते ही चाइना वीजा के लिए अप्लाई कर दिया था लेकिन भारत के साथ अच्छे संबंध ना होने कारण बहुत ही मुश्किल हो रही है। फिर भी शीतल वीजा के लिए अप्लाई क्रिया और बोहोत लोगो से साथ देने के लिए मुलाकात और बाते किया। 20 दिनों बाद शीतल को वीजा मिल गया 2019 के बाद वीजा मिलना मुश्किल हो गया था लेकिन लास्ट में मिल ही गया। 21 सितंबर को शीतल ने बाय रोड बॉडर क्रॉस किया और किरोंग पहुंची फिर आगे थिंगरी और 24 सितंबर को एडवांस बेसकैंप पाउची। एक्सपीडिशन शुरुवात हो चुकी थी और में लेट हो गई वीजा की वजह से इश लिए सब जल्दी जल्दी एक्सोएडिशन सुरु किया। 8 अक्टूबर को भारत का तिरंगा माउंट चोओयू पर लहराया और इतिहास में अपना नाम पहली भारतीय महिला होने का गौरव हासिल किया।

### विजयादशमी उत्साह कार्यक्रम का विशेष आयोजन



**नैनीताल।** नैनीताल नगर में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा मल्लीताल डीएसए बास्केटबॉल मैदान में रविवार को दशहरे के दूसरे दिन विजयादशमी उत्साह कार्यक्रम का विशेष आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसएस के प्रांत सह प्रचारक चंद्रशेखर ने अपने सम्बोधन में कहा कि आरएसएस की स्थापना वर्ष 1925 में विजयादशमी यानी दशहरा के दिन हुई थी। नौ दिनों की उपासना के बाद 10वें दिन विजयकामना के साथ शस्त्रों का पूजन करते हैं। विजयादशमी पर शक्तिरूपा तथा दुर्गा तथा काली की पूजा के साथ शस्त्र पूजा की परंपरा हिंदू धर्म में लंबे समय से रही है। इस दिन आरएसएस का शस्त्र पूजन संघ की तरफ शस्त्र पूजन हर साल पूरे विधि विधान से किया जाता है। इस अवसर पर जिला प्रचारक राहुल, जिला प्रचारक प्रमुख नवीन भट्ट, आरएसएस विभाग कार्यवाह राजेंद्र सिंह बिष्ट,नगर कार्यवाह उमेश बिष्ट, नगर सह कार्यवाह भरत भट्ट, नगर संघ संचालक राम सिंह रौतेला, वरिष्ठतम वयोवृद्ध कार्यकर्ता कामेश्वर प्रसाद काला समेत मनोज जोशी, आनंद सिंह बिष्ट, दयाकिशन पोखरिया, प्रकाश पाण्डेय, ललित तिवारी, भूपेन्द्र सिंह बिष्ट,अरविन्द सिंह पडियार,एन.एस. पुंडीर तथा भावेश सहित अनेकों कार्यकर्ता एवं स्वयंसेवक मौजूद रहे।

### नशे शराब में वाहन चलाने पर लाइसेंस निरस्त किया

**नैनीताल।** जिले के पुलिस कप्तान प्रह्लाद नारायण मीणा द्वारा अपराध सड़क दुर्घटनाओं को अंकुश लगाने हेतु समस्त थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्र में प्रभावी चैकिंग कर अधिक से अधिक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। आदेश के क्रम में सघन चेकिंग अभियान में जगदीप नेगी थानाध्यक्ष भीमताल के नेतृत्व में थाना पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में चैकिंग के दौरान कंटेनर चालक गजेंद्र सिंह भंडारी (45) पुत्र तेज सिंह भंडारी निवासी ग्राम नाथुनगर कोटाबाग जिला नैनीताल द्वारा अपने 'वाहन संख्या कंटेनर को नशे शराब में मदहोश होकर लहराते हुये चलाये जाने पर चैकिंग टीम द्वारा गोरखपुर तिराहे पर रोककर चैक कर मेडिकल परीक्षण कराकर मु0अ0स0 2129/24 अन्तर्गत एमबीएक्ट में गिरफ्तार किया गया तथा कंटेनर को सीज कर ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण हेतु प्रेषित किया गया। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक गगनदीप सिंह, हेड कास्टेबल अवधेश शर्मा तथा कास्टेबल जीवन कुमार शामिल रहे।

### टीम तामीर ने चलाया सफाई अभियान



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर के निकट बम्बूज हट में परिसर की टीम तामीर ने की सफाई की। बता दें कि सफाई अभियान के तहत टीम तामिर ने 6 बोरे शराब की बोतले व दो बोरे प्लास्टिक उठाकर परिसर के पास नगर पालिका के कूड़ेदान में डाल। इस दौरान श्रेयश शुक्ला, अमित भंडारी, शुभांकर वर्मा, रौनीत खनका, अजय तथा हर्षित आर्या आदि लोगों ने मिलकर बम्बूज हट की सफ ई की। टीम के मुताबिक उनकी टीम नैनीताल के उन स्थानों की सफ ाई करती है जिन स्थानों में नगरपालिका की टीम सफाई नहीं करती है।

### युवा कांग्रेस कार्यकर्ता परवेज बने कमेटी सचिव



**नैनीताल।** नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल ने युवा कांग्रेस कार्यकर्ता परवेज आलम को कमेटी का नगर सचिव मनोनीत किया गया है। कबड्वाल ने उम्मीद जताई है कि परवेज आलम कांग्रेस की नीतियों को जन -जन तक पहुंचाते हुए पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करने में हर संभव सहयोग करेंगे। दूसरी ओर कमेटी के नव नियुक्त सचिव परवेज आलम ने उनको कमेटी में दायित्व मिलने पर नगर अध्यक्ष अनुपम कबड्वाल समेत पूरी कमेटी का आभार व्यक्त करते हुए कहा है कि कमेटी की ओर से उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका वह लगन व मेहनत से निर्वह करेंगे। बता दें कि पूर्व में परवेज आलम यूथ कांग्रेस में विधान सभा महासचिव व जिला महासचिव पदों पर भी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वह कर चुके हैं। उन्हें अब नगर कमेटी में सचिव पद का दायित्व मिलने पर सभी कांग्रेसियों ने खुशी जाहिर कर उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# अभिमत

## दूरगामी संकेत

***मंदिर में तोड़फोड़ की घटना प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका से लौटते ही हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने के लिए दोनों देशों के नेताओं से बात की। इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष विराम की अपील की। सभी देशों के नेताओं ने भारत के शांति प्रयासों को सराहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत में मंदिरों के साथ ही चर्च, मस्जिद, गुरुद्वारे और अन्य धर्मस्थल हैं। बहुसंख्यक होते हुए हिन्दुओं ने कभी अन्य धर्मस्थल को निशाना नहीं बनाया। हिन्दुओं के सहिष्णु होने का इससे बड़ा प्रमाण और कोई नहीं हो सकता है।***

विदेश में मंदिरों पर हमले की घटनाएं हो रही हैं। अमेरिका के कैलिफोर्निया में मंदिर में तोड़फोड़ की गई और दीवारों तथा साइन बोर्ड पर 'हिन्दुओं वापस जाओ' के नारे लिखे गये। न्यूयार्क की घटना को दस दिन भी नहीं बीते थे कि मंदिर पर हमले की नई घटना हो गई। कनाडा में हिन्दुओं के खिलाफ माहौल बनाया जा रहा है। बांग्लादेश समेत कई जगह मंदिरों पर हमले और हिन्दुओं के खिलाफ हिंसा की घटनाओं को छिटपुट तथा मामूली समझकर अनदेखी नहीं की जा सकती है। विदेश में मंदिरों पर हमले और हिन्दुओं के प्रति नफरत के दूरगामी संकेत हैं। भारतीय और अमेरिकी नेताओं ने मंदिर में तोड़फोड़ की निंदा की है। कैलिफोर्निया से अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के सदस्य एवं चिकित्सक अमी बेरा ने कहा कि धार्मिक कट्टरता और घृणा के लिए अमेरिका में कोई जगह नहीं है। हम सभी को असहिष्णुता के खिलाफ खड़ा होना होगा। हिन्दू अमेरिकियों के खिलाफ इस प्रकार की घृणा और तोड़फोड़ भयावह है। न्याय विभाग को इन घृणित अपराधों की जांच करनी चाहिए। मंदिर में तोड़फोड़ की घटना करने वालों को चिह्नित नहीं किया जा सका है और पुलिस जांच कर रही है। हिन्दू अमेरिकी इन घटनाओं के लिए खालिस्तान समर्थकों का हाथ मान रहे हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका यात्रा के दौरान संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित किया। विश्व के कई राष्ट्राध्यक्षों व शासनाध्यक्षों से भेंट की। अमेरिका के राष्ट्रपति से दोनों देशों के बीच संबंधों पर बातचीत के साथ ही समझौते हुए हैं। मंदिर में तोड़फोड़ की घटना प्रधानमंत्री मोदी के अमेरिका से लौटते ही हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध रोकने के लिए दोनों देशों के नेताओं से बात की। इजरायल और फलस्तीन के बीच संघर्ष विराम की अपील की। सभी देशों के नेताओं ने भारत के शांति प्रयासों को सराहा है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत में मंदिरों के साथ ही चर्च, मस्जिद, गुरुद्वारे और अन्य धर्मस्थल हैं। बहुसंख्यक होते हुए हिन्दुओं ने कभी अन्य धर्मस्थल को निशाना नहीं बनाया। हिन्दुओं के सहिष्णु होने का इससे बड़ा प्रमाण और कोई नहीं हो सकता है। भारत में ईसाई और मुस्लिमों के त्यौहार पर अवकाश रहता है। सभी धर्मों के त्यौहार संबंधी सामग्री हिन्दुओं की दुकानों पर भी उपलब्ध रहती है। यूरोप के कई देशों में हिन्दुओं को वीकेंड में त्यौहार मनाने की मंदिरों और घर में अनुमति है। हिन्दुओं के त्यौहार पर अवकाश नहीं किया जाता है। जिस भी देश में हिन्दू रह रहे हैं, उस देश के नियम व कानून का पालन करते हैं। अनुशासित और कानून का अनुसरण करने वाले हिन्दुओं तथा मंदिरों की सुरक्षा उन देशों की सरकार को सुनिश्चित करनी चाहिए।

# रामलीला मंचनः प्रभू का दूत हूं मैं मुझे डर किस का है

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

शीश महल रामलीला में अंगद को राम का दूत बनकर लंका में प्रवेश करते है,रावण-अंगद के मध्य संवादो की झड़ी लग जाती है,रावण अपने पुत्र मेघनाद को राम-लक्ष्मण के पास युद्व के लिये भेजता है,युद्ध मे मेघनाद के द्वारा लक्ष्मण को शक्ति लगती है। राम सुषेन वैद को बुलाया जाता है,सुषेन वैद हनुमान को पर्वत से संजीवनी बूटी लाने को कहते है हनुमान जी पूरा पर्वत ले आते है ,संजीवनी बूटी खाते ही लक्ष्मण जी को होश आ जाता है, पूरे रामा दल में खुशी की लहर आ जाती है। रामलीला का शुभारंभ नैनीताल लोकसभा सांसद अजय भट्ट,निर्वतमान मेयर डॉ जोगेंद्र पाल सिंह रौतेला ने दीप प्रज्वलित कर किया,इस मौके पर मुख्य व्यवस्थापक गिरीश तिवाडी, अध्यक्ष मनोज तिवाडी,निर्देशक नीरज फुलारा, महामंत्री एन डी तिवाडी,कमल पपनै , दिनेश फुलारा सहित सैकड़ों दर्शको ने रामलीला के मंचन का आनंद लिया। प्राचीन श्री रामलीला कमेटी में कल मंगलवार को श्री राम के अयोध्या पहुँचने के बाद उनका राज्याभिषेक किया जायेगा और नगर में शोभायात्रा निकाली जायेगी।



शोभायात्रा में नगर निवासियों द्वारा पुष्प अर्पण कर राम का स्वागत किया जायेगा। शोभायात्रा में कई संस्थाओं की झाकियां भी आकर्षण का केंद्र होंगी। रामलीला संचालन समिति द्वारा शोभायात्रा की तैयारी शुरू कर दी गयी है। पुरे नगर को राम के स्वागत में सजाया जायेगा।

## युवती संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे पर झूलती मिली

**रुद्रपुर।** बगवाड़ा पुलिस चौकी क्षेत्र ग्राम मलसी में अज्ञात कारणों के चलते एक युवती ने घर में फांसी लगा ली। परिजनों ने उसे उपचार के लिए निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान युवती ने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस के मुताबिक मलसी निवासी हाजी एजाज अहमद की 18 वर्षीय पुत्राी इफतिदा ने गत शाम अज्ञात कारणों के चलते घर में फांसी लगा ली। कुछ देर बाद जब परिजनों ने उसे कमरे में फांसी पर लटका देखा तो उन्होंने शोर मचा दिया। शोर की आवाज सुनकर आस पडोस के लोग भी आ पहुंचे। आनन फानन में इफतिदा को फंदे से उतार कर निजी चिकित्सालय भर्ती कराया गया। देर रात उसने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। मृतका दो भाईयों में छोटी थी। एसएसआई ललित कुमार रावल ने बताया कि पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

## पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी

**नैनीताल।** दशहरे की छुट्टियों होने के चलते के नैनीताल में पर्यटकों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। दुर्गा महोत्सव में शामिल होने के लिए लोग दूर दराज से आते है। इस दौरान दूर दराज से नैनीताल घूमने आए लोगों को अपने शहर जाना मुश्किल हो गया। रविवार को तल्लीताल रोडवेज बस अड्डे पर बसों की कमी की वजह से लोग बस की खिड़कीयों से घुस जाते हैं। नैनीताल से हल्द्वानी जाने वाले यात्रियों को अक्सर इन्हीं परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। काफी देर तक इंतजार करने के बाद जब बस आती है तो फिर उसमें घुसने की जद्दोजहद किसी दीवार से सिर टकराने जैसा ही होती है। रोजाना बड़ी संख्या में देश के अलग-अलग हिस्सों से पर्यटक काठगोदाम स्टेशन से ट्रेन पकड़ने के लिये बस का ही विकल्प चुनते हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम देवेन्द्र सिंह से बदलकर देवेन्द्र सिंह चौहान रख लिया है। अतः भविष्य में मुझे देवेन्द्र सिंह चौहान नाम से जाना पहचाना जाए।- देवेन्द्र सिंह चौहान पुत्र श्री महेन्द्रपाल सिंह चौहान, एकता विहार सोनकर फॉर्म, धौलाखेड़ा, पोस्ट- अर्जुनपुर, हल्द्वानी, नैनीताल (उत्तराखंड)

# उत्तराखंडी परिधान महोत्सव कल्चरल वॉक एंड अचीवर्स टॉक कार्यक्रम का आयोजन

**देहरादून /नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग उत्तराखंड द्वारा उत्तराखंडी परिधान महोत्सव कल्चरल वॉक एंड अचीवर्स टॉक कार्यक्रम का आयोजन सर्वे चौक स्थित आईआरडीटी सभागार में आयोजित किया गया।



इस दौरान विश्वभर में बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं उनके सामने आ रही विविध चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित करने के उद्देश्य से यूएन जनरल असेंबली द्वारा वर्ष 2011 में प्रथम बार 11 अक्टूबर को अंतर्राष्टीय बालिका दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की गई थी। यह आयोजन बालिकाओं और कन्या शिशुओं के मानवाधिकारों में मिलने में आ रही चुनौतियों से सजग करने के साथ ही बालिका सशक्तिकरण के प्रयासों को सुदृढ़ करने का एक मंच है। इस वर्ष की थीम है गर्ल्स विज़न फॉर फ्यूचर भविष्य के प्रति बालिकाओं का दृष्टिकोण बालिकाओं की आवाज़ और उनके सपनों से प्रेरित होकर एक बेहतर कल का निर्माण कर सकते हैं। इस वर्ष का विषय न केवल तात्कालिक कार्रवाई की आवश्यकता को व्यक्त करता है, बल्कि बालिकाओं की आवाज़ और उनके भविष्य की दृष्टि से प्रेरित होकर आशा की एक निरंतर लहर को भी उजागर करता है। उत्तराखण्ड के सभी जनपदों की कुल 27 बालिकाओं द्वारा प्रदेश के विभिन्न सांस्कृतिक समुदायों के वेशभूषाओं, यथा कुमाऊं, गढ़वाली, जौनसारी, थारू, भोटिया, रं, बुक्सा , वनराजी इत्यादि के परिधानों में प्रतिभाग किया गया। सांस्कृतिक वॉक कार्यक्रम में एक विशेष प्रतिभागी शामिल रहीं जो पिथौरागढ़ में निवासरत वनराजी जनजाति से आती हैं। पिथौरागढ़ की यह जनजाति अब केवल 9 गाँवों में निवासरत 746 सदस्यों की संख्या तक सीमित है और यह बालिका अपनी जनजाति की पहली ऐसी लड़की हैं जिन्होंने इतने बड़े राज्य स्तरीय मंच पर कदम रखा है। इन बालिकाओं में बालिका निकेतन की तीन बालिकाओं द्वारा भी गढ़वाली एवं कुमाऊनी परिधानों में प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में प्रत्येक जनपद से 2 प्रतिभागियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। प्रत्येक जनपद से प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली बालिका को मोबाइल फोन पुरुस्कार के रूप में दिया गया। अचीवर्स टॉक कार्यक्रम जिसमे प्रदेश के प्रत्येक जनपद से विविध क्षेत्रों यथा खेल, साहसिक कार्य, कला, गायन आदि क्षेत्रों में विशिष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली कुल 13 बालिकाओं को उत्तराखंड अचीवर्स सम्मान से सम्मानित किया गया।

# फिल्मी दुनिया

## शहंशाह के नाम पर जैकी श्रॉफ को मिल गई थीं कई फिल्में





*फिल्म शहंशाह को आज भी काफी ज्यादा पसंद किया जाता है। साल 1988 में आई इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने दमदार अदाकारी दिखाई थी। अब इस फिल्म के निर्देशक टीनू आनंद ने अपनी इस फिल्म को लेकर कुछ दिलचस्प बातें बताई हैं। अमिताभ बच्चन हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बड़े सितारों में से एक हैं। अपने करियर में उन्होंने अब तक एक से बढ़कर एक हिट फिल्में दी हैं। इन फिल्मों में उनकी शहंशाह का नाम भी शामिल है। इस फिल्म के बाद से ही उन्हें बॉलीवुड का शहंशाह कहा जाने लगा। हालांकि, आपको जानकर हैरानी होगी कि अपनी बीमारी की वजह से बिग बी लगभग इस फिल्म से बाहर ही हो गए थे। हाल ही में एक बातचीत में निर्देशक टीनू आनंद ने फिल्म शहंशाह को लेकर कुछ दिलचस्प बातें बताई हैं। रेडियो नशा के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि फिल्म कुली के बाद अमिताभ को शहंशाह की शूटिंग करनी थी, लेकिन इस बीच वह मायस्थीनिया ग्रेविस नाम की एक बीमारी से ग्रस्त हो गए। इसके बाद फिल्म को टाल दिया गया। निर्देशक ने खुलासा किया कि अमिताभ के शहंशाह से बाहर होने के बाद, वह परेशान हो गए, क्योंकि लेनदारों ने उनके दरवाजे पर दस्तक देनी शुरू कर दी थी और वे प्रोडक्शन पर खर्च किए गए पैसे की मांग करने लगे थे। टीनू के मुताबिक इसके बाद उन्होंने अमिताभ की जगह किसी और को फिल्म में लेने पर भी विचार किया, हालांकि उन्हें पता था कि कोई भी वास्तव में उनकी जगह नहीं ले सकता।*

*टीनू ने कहा, शहंशाह को रद्द कर दिया गया था।*

### जैकी श्रॉफ को मिला था फायदा

*टीनू आनंद के मुताबिक इस फिल्म में काम करने के लिए सबसे पहले जैकी श्रॉफ सहमत हुए थे। इसकी वजह से उन्हें कई और फिल्में भी मिल गई थीं। वहीं, उन्होंने आगे कहा कि जब जितेंद्र के पास वह फिल्म लेकर गए तो अभिनेता ने उनसे कहा था कि उन्हें नहीं लगता कि वह अमिताभ की जगह ले सकते हैं।*

## राममनोहर लोहिया की 57 वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

डॉक्टर राममनोहर लोहिया की 57 वीं पुण्यतिथि पर उत्तराखण्ड सपा. प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी के कार्यालय 17- आज़ाद नगर हल्द्वानी पर भारी संख्या में सपा कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। सर्वप्रथम सपा प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने अपने तमाम सपा कार्यकर्ताओं के साथ डॉक्टर राममनोहर लोहिया जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तदोपरांत एक गोष्ठी का आयोजन किया गया गोष्ठी को संबोधित करते हुए अब्दुल मतीन सिद्दीक़ी ने कहा कि डाश राममनोहर लोहिया एक सच्चे पक्के समाजवादी थे। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के नेतृत्व में जिन लोगों ने देश की आज़ादी के लिए संघर्ष किया था। सिद्दीक़ी ने बताया कि डाश लोहिया ने एक भविष्य दृष्ठा के रूप में सामाजिक बदलाव तथा देश विदेश के भावी राजनैतिक स्वरूप के बारे में जो जो भविष्यवाणी की थी। डॉ. राममनोहर लोहिया और माननीय



मुलायम सिंह यादव को सच्ची श्रद्धांजलि तभी पूरी होगी जब हम उनके अधूरे कार्यों व सपनों को पूरा करने के लिए माननीय अखिलेश यादव जी के हाथो को मज़बूत करने के साथ-साथ उनके हर संघर्ष में कंधे से कन्धा मिला कर साथ चलें।

गोष्ठी में मुख्य रूप जावेद मिकरानी, अलीम अंसारी, उमैर मतीन, इस्लाम मिकरानी, रेहान मलिक, संजय गुप्ता, आसिम सिद्दीक़ी, अनवर हुसैन, ज़ाहिद ख़ान, विक्की ख़ान,दीपक अग्रवाल, सरताज अंसारी,एडवोकेट जावेद अहमद, नाज़िम सलमानी, अथर ख़ान, मोहम्मद अनस, मोहम्मद अरशद, अज़हर मलिक, शाहिद खान आदि उपस्थित थे।

## News कॉर्नर

### अतिक्रमण हटाओ अभियान का दुकानदारों ने की प्रसंशा

**नैनीताल।** नगर पालिका परिषद द्वारा गठित नई अतिक्रमण टीम द्वारा ईओ दीपक गोस्वामी निर्देश पर व कर अधीक्षक सुनील खोलिया के नेतृत्व में सुबह व शाम के साथ ही अवकाश के दौरान भी सबसे व्यस्ततम क्षेत्र मॉल रोड में निरीक्षण किया जा रहा है, जिसके चलते मॉल रोड को पूरी तरह से अतिक्रमण मुक्त कर दिया गया है जिससे अब मॉल रोड में सैलानी आराम से टहल कर नैनीताल की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस बीच पालिका की टीम की ओर से चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का स्थानीय दुकानदारों द्वारा प्रसंशा की जा रही है। टीम में अमन महाजन (टास्क फोर्स लीडर) समेत दीपराज, पीयूष भंडारी,अंकित बिष्ट,विक्की सिलेलान,दिनेश रत्नाकर तथा रवि बहुगुणा आदि शामिल रहे।

### प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष बने हेमंत पांडे

**नैनीताल।** जिले के रामगढ़ ब्लाक के सुयालबाड़ी में आयोजित प्राथमिक शिक्षक संघ के अधिवेशन में ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर हेमंत पांडे ने भारी मतों से जीत हासिल की। बता दें कि कुल 127 मतदाताओं ने अपने अधिकार का प्रयोग किया जिसमें हेमंत पांडे को 98 एवं लीलाधर को 27 मत प्राप्त हुए। मंत्री पद पर शिवराज सिंह बिष्ट एवं कोषाध्यक्ष पद पर सुशील कुमार निर्विरोध निर्वाचित किए गए इसके अलावा ब्लाक कार्यकारिणी के सभी 18 पदों पर भी निर्विरोध निर्वाचन संपन्न हुआ। निर्वाचन अधिकारी प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज ढोकाने एवं पर्यवेक्षक सुरेश कुमार जोशी अनिल शर्मा एवं प्रताप आर्य के निर्देशन में निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न हुई। सभी विजयी प्रत्याशियों को प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी द्वारा पद एवं रूपरेखा की शपथ दिलाई गई।

# सेवन ए साइड अंतर विद्यालयी फुटबॉल प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल तथा सिंथिया इन्टरनेशनल स्कूल हरकपुर क्वीरा लामाचौड़ के संयुक्त तत्वावधान में सेवन ए साएड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबाल प्रतियोगिता के दूसरे संस्करण का आज भव्य उद्घाटन किया गया। सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्धिकी ने विजेता ट्राफी के अनावरण के साथ-साथ आसमान में रंग-विरंगे गुब्बारे छोड़कर सेवन ए साएड अंतर विद्यालयी बालिका-बालक फुटबाल कप 2024-25 के आयोजन की घोषणा की. दोनों वर्गों के मैच का फायनल 16 अक्तूबर को खेला जायेगा.



नाक आउट आधार पर आज खेले गए आठ मैचों में सिंथिया ने चिल्ड्रन अकादमी को 2-0 से, गुरुकुल की टीम ने वेदांतम को 5-0 से, बालिकाओ के आज के मैच में मदर्स ग्लोरी ने निर्मला कान्वेंट को 1-0 से, एवरग्रीन ने जे डी एम को 2-0 से, बीरशिबा ने निर्मला को 2-0 से, मदर्स ग्लोरी ने हेरिटेज को 1-0 से तथा सेंट लोरेन्स ने निमोनिक को 3-1 से हराते हुए सिंथिया, शेमफोर्ड, गुरुकुल, एवरग्रीन, बीरशिबा व सेंट लोरेन्स की टीमों ने अगले चक्र में प्रवेश कर लिया। इससे पूर्व मुख्य अतिथि सहायक खेल निदेशक राशिका सिद्धिकी, विशिष्ट अतिथि पूर्व सहायक खेल निदेशक सुरेश चन्द्र पाण्डेय, प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला, निदेशक रश्मि रौतेला आदि समेत तमाम गण्यमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करके फुटबाल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया।

अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि ने खेल भावना को सर्वोपरि रखते हुए खिलाडियों को अपना सर्वोत्तम प्रयास करने को कहा तथा फुटबाल कप के आयोजन के माध्यम से खेल को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना की। प्रधानाचार्य प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने अपने धन्यबाद ज्ञापन में सभी अतिथियों का आभार जताते हुए सिंथिया परिवार द्वारा आयोजित किये जा रहे फुटबाल कप के आगामी संस्करणों को और अधिक व्यापक बनाते हुए हल्द्वानी से बाहर के स्कूलों को भी आयोजन में शामिल करने की योजना की जानकारी दी। उद्घाटन समारोह का सञ्चालन सिंथिया इंटरनेशनल की प्रधानाचार्य तुलिका रस्तोगी, अकेडमिक कार्डिनेटर बी बी जोशी तथा हिमानी ने संयुक्त रूप से किया। आज खेले गए मैचों में 'प्लयेर ऑफ़ द मैच' का पुरस्कार सिंथिया के हर्षित त्रिपाठी, गुरुकुल के आशीष रावत, मदर्स ग्लोरी की यशश्वी विश्वकर्मा, एवरग्रीन के करण गडिया, बीरशिवा के रिषभ, मदर्स ग्लोरीके नितिन और सेंट लोरेन्स के ध्रुव सिंह को दिया गया।

# वन विभाग की टीम ने 47 जिंदा तोतों के साथ दो लोगों को किया गिरफ्तार

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

वन विभाग एवं सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 47 जिंदा तोते बरामद किए। दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। इसके बाद कर पेश किया है। उप प्रभागीय वनाधिकारी शशि देव के निर्देश पर वन विभाग एवं सुरक्षा दल की संयुक्त टीम ने रविवार को खेड़ा वार्ड -17 निवासी नईम रजा पुत्र बाबू रजा के घर से 47 जिंदा तोते बरामद किए। टीम ने नईम रजा एवं रेशमबाड़ी कॉलोनी निवासी फिरासत रजा पुत्र जाफर रजा को गिरफ्तार किया है। मौके पर 2 नाइलोन के जाल तथा 2 लोहे की जाली नुमा पिजरे बरामद हुए। जीवित तोतों एवं आरोपियों को वन विभाग की टीम कार्यालय लेकर आई। वन विभाग



अधिकारियों के मुताबिक पूछताछ में दोनों ने बताया कि वह तोते जंगल से पकड़ कर दिल्ली ले जाकर बेचते है। इसके बाद आरोपियों के खिलाफ भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम की धारा 9,11, 39, 50, 51 व 57 के तहत मुकदमा दर्ज कराया गया। दोनों को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने न्यायिक अभिरक्षा में हल्द्वानी जेल भेजा गया। प्रभागीय वनाधिकारी उमेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि कोर्ट ने बरामद तोतों को उनके प्राकृतिक वास स्थल में छोडने

**मुकदमा**

- भारतीय वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज
- जंगल से पकड़ कर बाहर ले जाकर बेचने की बात बताई

की अनुमति दी है। टीम में टांडा वन क्षेत्राधिकारी रूप नारायण गौतम, सुरक्षा दल प्रभारी कैलाश तिवारी, वन दरोगा हरीश नयाल, सुरेन्द्र सिंह, पान सिंह मेहता, वन आरक्षी रूस्तम राणा, कोमल, पिन्की चौहान शामिल रहे।

# पहाड़गंज में गौ संरक्षण स्वाइड टीम का छापा, प्रतिबंधित मांस बरामद

**रुद्रपुर**
हमारे संवाददाता

गौ संरक्षण स्वाइड टीम ने पहाड़गंज में एक व्यक्ति के यहां शादी समारोह से प्रतिबंधित मांस बरामद किया है। पुलिस की सूचना पर चिकित्सक ने मौके पर पहुंच प्रतिबंधित मांस का सेंपल लिया।

टीम प्रभारी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के मुताबिक रविवार को पहाड़गंज निवासी असगर अली पुत्र फरजंद अली के घर पर शादी का कार्यक्रम है और शादी में प्रतिबंधित मांस बनने के लिए आया। इसकी सूचना किसी ने गोवंश संरक्षण स्लाइड टीम को गो मांस तस्करी की दी गई। सूचना पर टीम प्रभारी प्रवीण सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने पहाड़गंज में असगर अली के घर पर छापा मारा है। पुलिस ने शादी में बनने को को आया भारी मात्रा में प्रतिबंधित गो मांस बरामद हुआ। टीम प्रभारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की गई है।



**कार्रवाई**

- शादी में बनने के लिए आया था बाहर से, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने की कार्रवाई, मुकदमा दर्ज

वहां से प्रतिबंधित मांस बरामद किया गया। मौके पर चिकित्सक को बुला कर सेंपल लिया है। असगर अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है। टीम में प्रमोद कुमार यादव,नीरज शर्मा के अलावा रम्पुरा पुलिस चौकी से अमित जोशी, महेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# पंजाबी करवा चौथ: करीना के सिर करवाचौथ क्वीन का ताज




**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

पंजाबी वूमेंस क्लब द्वारा रामपुर रोड में पंजाबी करवाचौथ उत्सव का आयोजन धूमधाम से किया गया, जिसमें इंडियन आईडल सिंगर भारती गुप्ता ने सम बांधा। करीना कक्कड़ के सर सजा करवाचौथ क्वीन का ताज, नेहा सिंह प्रथम रनर रही, चांदनी द्वितीय रनर अप रही । निर्णायक मंडल द्वारा प्रतियोगियों में से करवाचौथ क्वीन व रनर को चुना गया । करवा चौथ क्वीन को पंजाबी वूमेंस क्लब द्वारा एलइडी टीवी बेड शोरूम दिया गया । अन्य प्रतियोगियों को भी उपहार दिए गए । निर्णायक मंडल में डॉ. आंचल ढींगरा व नीतू साहनी रही। हरगुन के सर सर सजा मिस दीवा का ताज । संगीता रही प्रथम रनर अप व चेष्टा दुआ द्वितीय रनर अप रही । निर्णायक मंडल में डॉ स्वाति सिंघल, अनुज साहनी व शिप्रा चावला रही रही । थाल सजाओ प्रतियोगिता में सोनम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । नीता गुप्ता ने द्वितीय स्थान व मीनू गिरधर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । सिद्धि गुप्ता को सांत्वना पुरस्कार दिया गया । निर्णायक मंडल में सुनीता वासुदेव व सुचित्रा जायसवाल रही । सलाद डेकोरेशन प्रतियोगिता में नव्या शर्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया हीर सडाना ने दूसरा व संचित सडाना ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में प्रबलीन सलूजा वर्मा वी तनुजा जोशी रही । मेहंदी प्रतियोगिता में मेहर खुराना ने बाजी मारी और प्रथम स्थान प्राप्त किया, उषा ठक्कर ने दूसरा व प्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया । अंजली गुप्ता को मेहंदी प्रतियोगिता में सांत्वना पुरस्कार दिया गया । निर्णायक मंडल में छाया सक्सेना व आकांक्षा सूरी रही। इंडियन आईडल सीजन 9 की गायिका भारती गुप्ता द्वारा माईया - माईया, खोया - खोया चांद, गुलाबी आंखें जो तेरी देखी, दमा - दम मस्त कलंदर, कैसी पहेली, इंतहा हो गई, रमता जोगी, आदि कई गाने की प्रस्तुति मंच से दी । मंच पर संचालन उपमा सेठी वह पूनम को मंत्र द्वारा किया गया ।

### 30वीं नैनीताल समाचार निबंध प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल।** नैनीताल समाचार की नैनीताल बैंक के सहयोग से होने वाली 30वीं नैनीताल समाचार निबंध प्रतियोगिता का आयोजन 20 अक्टूबर (रविवार) को प्रात: 11 बजे से नगर के प्रतिष्ठित सीआरएसटी इंटर कॉलेज में किया जा रहा है।

इस दौरान प्रतियोगिता में कक्षा 4 से कक्षा 12 तक के विद्यार्थियों के लिये तीन वर्गों में होने वाली इस प्रतियोगिता की लोकप्रियता में लगातार वृद्धि हो रही है। इस प्रतियोगता में 30-32 विद्यालयों के 300 से अधिक छात्र-छात्रा भाग लेते हैं।

# ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ ने मांगों को सौंपा ज्ञापन

**नैनीताल**
हमारे संवाददाता

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ द्वारा अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जिले के मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय को ज्ञापन सौंपा तथा मुख्य विकास अधिकारी द्वारा उक्त समस्याओं पर सकारात्मक अपनाते हुए समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करने का आश्वासन संघ के प्रतिनिधि मंडल को दिया।

ग्राम पंचायत विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष आनन्द सिंह जलाल ने बताया कि ग्राम पंचायत अधिकारियों की अभी तक वार्षिक चरित्र प्रविष्टि पर कतिपय खंड विकास अधिकारियों द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए जाने के कारण अधिकांश ग्राम पंचायत अधिकारियों की अभी तक एसीपी का निर्धारण नहीं हो पाया है साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारियों को अक्टूबर तथा नवंबर माह में जीपीडीपी बैठकों का आयोजन तथा पंचायत निर्वाचन प्रक्रिया, समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जन शिविरों में प्रतिभाग करने के साथ विकास खंडों में ऑडिट की प्रक्रिया के साथ जल जीवन मिशन प्रमाणीकरण की प्रक्रिया, मैला ढोंने वाले व्यक्तियों के सर्वेक्षण किये जाने की प्रक्रिया गतिमान है साथ ही ग्राम पंचायत अधिकारियों को पीएमजीएसवाई आवास सर्वे में ड्यूटी लगाई जा रही है ।

संघ के शिष्टमंडल के मुताबिक मुख्य विकास अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय ने सभी समस्याओं पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए समस्याओं के शीघ्र निराकरण हेतु आश्वास्त किया गया है। प्रतिनिधि मण्डल में संयुक्त कर्मचारी परिषद जनपद नैनीताल के जिलाध्यक्ष असलम अली, ग्राम पंचायत संगठन जिलाध्यक्ष आनंद सिंह जलाल, जिला महामंत्री सत्य प्रकाश द्विवेदी समेत विवेक बिष्ट, आनंद बल्लभ पाण्डे तथा रघुवर दत्त पाण्डे शामिल थे।

# सीएम धामी ने खुरपिया फार्म में निर्माणाधीन एम्स सैटेलाइट सेन्टर का निरीक्षण किया

**किच्छा**
हमारे संवाददाता

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एक दिवसीय किच्छा भ्रमण के दौरान खुरपिया फार्म में निर्माणाधीन एम्स सैटेलाइट सेन्टर का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यदायी संस्था नागार्जुन कंस्ट्रक्शन कंपनी एवं सीपीडब्लूडी के इंजीनियरों से जानकारियां ली।

सीएम के किच्छा हैलीपैड पहुंचने पर विधायक, मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यदायी संस्था ने अवगत कराया गया कि एम्स किच्छा राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन अथॉरिटी के मानकों के अनुसार 100 एकड़ भूमि में



351 करोड़ की लागत से 280 बैड का प्री-फैब्रिकेटेड चिकित्सालय बनाया जा रहा है। जिसमें अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित आईसीयू, ओपीडी, आईपीडी, नर्सिंग हॉस्टल, आवासीय भवन आदि बनायें जाएंगे। कार्यदायी संस्था के प्रबंधक द्वारा अवगत कराया गया कि एम्स का चाहरदीवारी का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है, साथ ही निर्माण कार्य भी त्वरिक गति से किया जा रहा है। उन्होंने बताया ने एम्स में सड़क किनारों में पौधारोपण कराने के साथ ही उचित ड्रेनैज व्यवस्था भी रखी गयी है। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि एम्स का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है, वर्ष 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। मुख्यमंत्री ने एम्स के निरीक्षण के दौरान कार्य कर रहे श्रमिकों से भी वार्ता की व उनकी समस्या भी जानी। सभी ने संतोष प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किच्छा में एम्स बन जाने पर हमारे यहा कि मरीजो को उपचार हेतु बाहर नही जाना पड़ेगा सभी सुविधाएं एक छत के नीचे एक ही चिकित्सालय में मिलेगी। उन्होने कहा हमारे लिए बहुत बड़ी सौगात है। इसके लिए उन्होने नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने एम्स परिसर में पौधारोपण भी किया गया। निरीक्षण दौरान सांसद अजय भट्ट, विधायक शिव अरोरा, विधायक तिलकराज बेहड़, जिला पंचायत अध्यक्ष रेनू गंगवार, ब्लाक प्रमुख ममता जल्होत्रा, दर्जा मंत्री अनिल कपूर डब्बू, उत्तम दत्ता, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, डॉ प्रेम सिंह राणा, डॉ शैलेन्द्र मोहन सिंघल, जिलाध्यक्ष कमल जिदंल, गुंजन सुखीजा, रामपाल सिंह,कमिश्नर दीपक रावत, जिलाधिकारी उदयराज सिंह, एसएसपी मणिकांत मिश्रा, सीडीओ मनीष कुमार, एडीएम पंकज उपाध्याय, एसडीएम कौस्तुभ मिश्र, राकेश तिवारी, चीफ इंजी. चन्द्रपाल, एग्जीक्यूटिव इंजी कौशल सिंह आदि मौजूद रहे।